an>

Title: Need to provide minimum support price alongwith bonus to paddy growers of the country.

श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे किसानों से संबंधित एक गंभीर मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

महोदया, उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद सोनभद्र, चन्दौली सहित पूर्वांचल के सभी जनपदों में इस वर्ष बासमती धान की अच्छी उपज हुई है। लेकिन स्थानीय स्तर पर व स्थानीय बाजार में बासमती धान की लाभकारी मूल्य पर खरीद न होने के कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में बासमती चावल की मांग अधिक है। परन्तु पूरे पूर्वांचल में कोई धान निर्यातक केन्द्र न होने के कारण किसानों को भारी क्षति हुई है। वहीं उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है, लेकिन वहाँ किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

अतः उपरोक्त बातों पर ध्यान देते हुए, देश में 70 प्रतिशत किसानों को समर्थन मूल्य तथा बोनस सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार को गम्भीर कदम उठाने की आवश्यकता है। सदन के माध्यम से मैं यह मांग करता हूँ।